देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 243 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 1 जनवरी 2022




मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

39243.39

2 पुतिन ने बाइडन को दी धमकी

7 अस्पताल से ठीक होकर घर लौटे सौरव

# नया साल...कोरोना की डरावनी चाल!

## 23 राज्यों में फैला ओमिक्रोन, 1300 से अधिक हुए मामले, महाराष्ट्र में हैं सबसे अधिक केस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर की शुरुआत के स्पष्ट संकेत मिलने लगे हैं। दो महीने बाद एक दिन में संक्रमण के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले भी सर्वाधिक पाए गए हैं। सक्रिय मामले भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ओमिक्रोन पहुंच गया है। देश में ओमिक्रोन के कुल मामले 1300 से ज्यादा हो गए हैं, जिनमें से 374 मरीज या तो ठीक हो चुके हैं या दूसरे देश में चले गए हैं। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा 450 केस हैं और दिल्ली में 320 मामले। सक्रिय मामलों में एक दिन में 8,959 की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में सक्रिय मामले बढ़कर 91,361 हो गए हैं जो कुल मामलों का 0.26 प्रतिशत है।

**टीकाकरण का आंकड़ा 145 करोड़ डोज के पार**

कोविन पोर्टल के शाम छह बजे तक आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक कोरोना रोधी वैक्सीन की 145.12 करोड़ डोज लगाई जा चुकी हैं। इनमें 84.62 करोड़ पहली और 60.50 करोड़ दूसरी डोज शामिल हैं।

**कर्नाटक में 23 और केरल में आए ओमिक्रोन के 44 नए मामले:** शुक्रवार को कर्नाटक में ओमिक्रोन के 23 नए मामले सामने आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर सुधाकर ने इन नए मामलों की पुष्टि की है। जिनमें से 19 अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका से हुए अंतरराष्ट्रीय यात्री हैं। इस बीच, केरल में भी 44 ओमिक्रोन के नए मामले पाए गए। अधिक जानकारी देते हुए केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने बताया कि राज्य में अबतक कोरोना का नए वैरिएंट के 107 मामले दर्ज किए गए हैं।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 16,764 नए मामले मिले हैं, जिनमें ओमिक्रोन के 309 केस भी शामिल हैं। 66 दिन बाद एक दिन में 16 हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 220 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 164 मौतें अकेले केरल में और 22 महाराष्ट्र में हुई हैं।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि देश में ओमिक्रोन वैरिएंट अब डेल्टा वैरिएंट को पीछे छोड़ने लगा है। बाहर से आने वाले जितने भी लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं उनमें से 80 प्रतिशत में ओमिक्रोन वैरिएंट पाया जा रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि ओमिक्रोन के एक तिहाई मामलों में भी उसके लक्षण दिखाई दे रहे हैं शेष बिना लक्षण वाले मामले मिल रहे हैं।

मध्य प्रदेश में ओमिक्रोन के 9 और उत्तराखंड में 4 मामले सामने आए हैं, जबकि चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर में 3-3 मामले सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश व अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अब तक 2-2 मामले सामने आए हैं।



### बढ़ते मामलों के बीच राज्यों ने बढ़ाई सख्ती

शुक्रवार को पुडुचेरी सरकार ने भी नाइट कर्फ्यू की घोषणा कर दी है। यहां रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू रहेगा, जिसे 31 दिसंबर यानी आज से ही लागू किया जा रहा है। यह नियम एक महीने तक मतलब 31 जनवरी 2022 तक लागू रहेगा। पुडुचेरी सरकार ने सिर्फ वैकुंठ एकादशी पर रात्रि कर्फ्यू में छूट देने का निर्णय लिया है। इसी तरह दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों ने ओमिक्रोन के संक्रमण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

### 15-18 साल की उम्र के बच्चों को सोमवार से लगेगी वैक्सीन

विशेषज्ञों ने भारत में कोरोना की तीसरी लहर की संभावना जताई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना के केस इसकी तस्दीक भी कर रहे हैं। कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच देशभर में 15 से 18 साल की उम्र के बच्चों का टीकाकरण होने जा रहा है। तीन जनवरी से अब बच्चों को भी कोरोना की खुराक दी जाएगी। वैक्सीन की डोज लेने के लिए कल यानी एक जनवरी से रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो जाएगा। बच्चों को किस कंपनी की वैक्सीन दी जाएगी? रजिस्ट्रेशन की प्रकिया क्या है? इस आर्टिकल के जरिए आप पूरी प्रोसेस समझ पाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चों को वही डोज लगाई जाएगी जो वयस्कों को लगाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े शहरों में आतंकी हमले के इनपुट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मुंबई में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। आतंकी हमले के अलर्ट के बाद पुलिस चौकस हो गई है। रेलवे स्टेशनों के अलावा महत्वपूर्ण जगहों की निगरानी की जा रही है। खुफिया एजेंसियों को खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा आतंकी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली है। इन गतिविधियों के बाद आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है।

### इनकम टैक्स और ईडी बीजेपी के सहयोगी दल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनउ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रशासन के अफसर आजकल बीजेपी की सभा करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई के अफसर बीजेपी के इशारों पर काम कर रहे हैं। एजेंसियां ही बीजेपी की सहयोगी पार्टी हैं।

# अब पति पत्नी दोंनो को मिलेगी पेंशन

## कैबिनेट की बैठकः 25 अहम फैसलों पर लगाई गई मुहर

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक में 25 अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। राज्य में समाज कल्याण विभाग की तरफ से मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन को 1200 से बढ़ाकर 1400 कर दिया गया है, पति पत्नी दोंनो को पेंशन देने पर भी मुहर लगी है। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में जांच में को बनने वाले पर्चे में अब हर साल बढ़ोतरी नहीं की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें 25 फैसलों पर मुहर लगी। इस दौरान फैसला लिया गया कि सरकारी अस्पतालों में अब हर साल ओपीडी पर्चे का शुल्क नहीं बढ़ेगा। इसके साथ ही पीआरडी कर्मचारियों की मांग के लिए सीएम को अधिकृत किया गया है।



**जानिए कैबिनेट के अन्य फैसले**

■पीडब्ल्यूडी विभाग के संविदा जूनियर इंजीनियर की मांगों को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री को किया अधिकृत।

■समाज कल्याण विभाग की तरफ से मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन को 200 बढ़ाया गया, 1200 से 1400 बढ़ाई गयी पेंशन, पति-पत्नी दोनो को पेंशन देने पर मुहर।

■मनरेगा कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान मिलेगा वेतन

■सरकारी महाविद्यालय और एक विकासखंड में एक इंटर कालेज में योग शिक्षकों की होगी भर्ती,

■महिला गेस्ट टीचरों को मातृत्व अवकाश का मिलेगा लाभ।

■नियमित नियुक्ति होने पर गेस्ट टीचर को गृह जनपद में रिक्त पद पर तैनाती में प्राथमिकता मिलेगी।

■नगर निकायों में शामिल नए क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों पर टैक्स के लिए मुख्यमंत्री को किया गया अधिकृत।

■नरेंद्र नगर में विधि संस्थान खोले जाने को मंजूरी।

# सीएम ने सभी राज्यवासियों को नववर्ष की बधाई दी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2022 की बधाई दी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। आने वाला वर्ष हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में बहुत से ऐसे काम हुए हैं, जो कि पहले मुमकिन नहीं लग रहे थे। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें बहुत सी योजनाओं पर काम हो गया है या काम तेजी से चल रहा है। हमने कनेक्टिविटी को विकास का मूल मानकर कार्य किया है। पहाड़ पर रेल का जो स्वप्न उत्तराखण्ड की कई पीढ़ियां वर्षों से देख रहीं थीं वो भी अब साकार होता प्रतीत हो रहा है।

**नववर्ष**

■सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन और टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन परियोजना भी इसी का उदाहरण है। केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री की सड़क कनेक्टीवीटी में सुधार के लिए 889 किलोमीटर की चारधाम सड़क परियोजना पर काफी कुछ काम किया जा चुका है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। ऊधमसिंहनगर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है। एक तरफ राज्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का काम किया जा रहा है वहीं पर्यटन, रोजगार और पलायन जैसे विषयों पर भी ठोस रणनीति बना कर प्रो एक्टिव मोड़ में कार्य किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड देवभूमि ही नहीं, वीरभूमि भी है। देहरादून में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नए साल के स्वागत को देहरादून-मसूरी तैयार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। उत्तर भारत में सर्दी एक बार फिर रंग दिखाने लगी है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रतिबंध के बीच नए साल के स्वागत को देहरादूनवासी तैयार हैं तो मसूरी, ऋषिकेश व चकराता जैसे पर्यटक स्थलों में देशभर के पर्यटक पहुंच चुके हैं। मगर इस दफा हालात जुदा हैं। ओमिक्रोन की दस्तक के

**तीन जनवरी तक उत्तर भारत में शीतलहर का दौर**

बाद उत्तराखंड प्रदेश में रात्रि कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। जो रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक प्रभावी है। हालांकि, पुलिस व प्रशासन सख्ती दिखाकर साल की शुरुआत खराब करने के मूड में नहीं हैं।

लिहाजा, जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि जो भी लोग 31 को पार्टी में भाग ले रहे हैं, वह स्वतरू ही नियमों का पालन करें।

दिल्ली में इस सीजन की दूसरी सबसे सर्द सुबह दर्ज की गई है, जबकि नए साल का स्वागत करने के लिए पहाड़ की बर्फीली हवाएं भी दिल्ली पहुंच गई हैं। ऐसे में मौसम विभाग ने दो दिनों तक लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।